भारत सरकार

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 3517

उत्तर देने की तारीख: 15.07.2019

एनईईटी परीक्षा

3517. श्री वी. वैथिलिंगमः

श्री एम. सेल्वाराजः

श्री ए. राजाः

श्री बी. मणिक्क म टैगोरः

श्री राजेशभाई नारणभाई चुड़ासमाः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को एनईईटी परीक्षा के संबंध में राज्य सरकारों से कोई अनुरोध प्राप्त हुए हैं और यदि हां, तो तमिलनाडु सहित तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इंजीनियरिंग/एनईईटी में प्रवेश के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा वर्ष में दो बार आयोजित की जाएगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान एनईईटी परीक्षा में बैठने/उत्तीर्ण होने वाले छात्रों का तमिलनाडु सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या पूरे देश में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए एनईईटी परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने के कारण बड़ी संख्या में मेडिकल के आकांक्षी छात्रों ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी और यदि हां, तो गत तीन वर्षों में तमिलनाडु सहित तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या केंद्र सरकार का एनईईटी परीक्षा को रोकने के लिए काई प्रस्ताव है;

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(छ) सरकार द्वारा इस संबंध् में छात्रों के हितों की रक्षा करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्री

(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) से (घ): चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत आती है, जिसने सूचित किया है कि पुदुचेरी और तमिलनाडु राज्य सरकारों ने अवर स्नातक और

स्नातकोत्तर चिकित्सा प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा (नीट) में सम्मिलित होने से छूट देने का अनुरोध किया है। तथापि, भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम, 1956 की धारा 10घ द्वारा चिकित्सा प्रवेश के लिए एक समान प्रवेश परीक्षा अर्थात् नीट का निर्धारण किया गया। चूंकि, उपर्युक्त अधिनियम का प्रावधान देशभर में बिना किसी छूट के लागू हैं इसलिए राज्यों को कोई छूट नहीं दी गई है। नीट की परीक्षा वर्ष में एक बार लिखित रूप से आयोजित की जाती है जबकि, संयुक्त प्रवेश परीक्षा (मुख्य) कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) के रूप में वर्ष में दो बार आयोजित की जाती है। पिछले 3 वर्षों के दौरान नीट परीक्षा केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा आयोजित की गई थी। पिछले 3 वर्षों के दौरान इस परीक्षा में शामिल/उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार सूचना संलग्नक में दी गई है। नीट परीक्षा में असफल रहने पर अपना जीवन समाप्त करने वाले विद्यार्थियों के संबंध में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सूचित किया है कि इस संबंध में उनके पास कोई सूचना नहीं है।

(ड.) से (छ): उपरोक्त (क) से (घ) में दिए गए उत्तर को ध्यान में रखते हुए प्रश्न ही नहीं उठता।

*****

संलग्नक

"एनईईटी परीक्षा" के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री वी॰ वैथिलिंगम, श्री एम॰ सेल्वाराज, श्री ए॰ राजा, श्री बी॰ मणिक्क म टैगोर और श्री राजेशभाई नारणभाई चुड़ासमा द्वारा दिनांक 15.07.2019 को पूछे जाने वाले राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3517 का भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित संलग्नक

नीट (यू जी) 2018 के उम्मीदवारों की राज्यवार जानकारी

क्र.सं.	राज्य का नाम	पंजीकृत	उपस्थित	उत्तीर्ण
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	942	912	453
2	आंध्र प्रदेश	51,229	49,253	35,732
3	अरुणाचल प्रदेश	3763	3475	1402
4	असम	24622	23108	9931
5	बिहार	66,071	63,003	37,899
6	चंडीगढ़	1344	1309	940
7	छत्तीसगढ़	25148	23,773	10919
8	दादरा और नगर हवेली	466	454	187
9	दमन और दीव	301	294	100
10	दिल्ली	28463	27666	20,397
1 1	गोवा	3611	3338	1526
12	गुजरात	74115	72,351	32625
13	हरियाणा	30542	29476	21,398
14	हिमाचल प्रदेश	12954	12,295	7528
15	जम्मू और कश्मीर	24,103	23085	12515
16	झारखंड	15337	14,838	9039
17	कर्नाटक	94,808	85,288	54,163
18	केरल	114,214	108,907	72682
19	लक्षद्वीप	342	313	155
20	मध्य प्रदेश	48,774	46406	23,638
21	महाराष्ट्र	182,218	177,353	70184
22	मणिपुर	6070	5780	3651
23	मेघालय	2760	2515	1049

24	मिजोरम	1398	1292	526
25	नागालैंड	2171	2045	600
26	ओडिशा	33,658	32301	19600
२7	पुदुचेरी	4573	4462	1768
28	पंजाब	15606	14825	9774
29	राजस्थान	82000	79057	58,738
30	सिक्किम	820	785	383
31	तमिलनाडु	120000	114,602	45,336
32	तेलंगाना	46,245	44,877	30,912
33	त्रिपुरा	3283	3150	1496
34	उत्तर प्रदेश	132,835	128,329	76,778
35	उत्तराखंड	12570	12075	7070
36	पश्चिम बंगाल	58,159	55,888	32,741
37	अन्य	1210	1042	727
	कुल	**1326725**	**1269922**	**714,562**

एनईईटी (यूजी) 2016 और 2017 के लिए उम्मीदवारों का ब्यौरा

वर्ष	पंजीकृत	उपस्थित	उत्तीर्ण
नीट - 2016	1143422	1064259	409,477
नीट - 2017	1138890	1090085	611,539

सीबीएसई ने सूचित किया है कि 2016 और 2017 के लिए नीट में छात्रों के राज्यवार आंकड़े तैयार नहीं किए गए थे।

*****